दैनिक
क्रांतिकारी संकेत
राष्ट्रीय/राज्य/सिटी
आपका अपना अखबार
रायगढ़, मंगलवार
16 फरवरी 2021

ओपी जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार एवं आल स्टार क्लब घरघोड़ा का संयुक्त आयोजन। पहले मैच में कोरबा ने रायगढ़ को 40 रनों से हराया





रायगढ़। जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित एवं आल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा के तत्वाधान में 36वां 'ओ.पी.जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2020-21 का भव्य शुभारंभ रमेश खेर, महाप्रबंधक, एनटीपीसी तलाईपाली के मुख्य आतिथ्य में एवं आरडी कटरे, उपाध्यक्ष तेपीएल तमनार की अध्यक्षता एवं शिशु सिन्हा, अध्यक्ष, नगर पंचायत घरघोड़ा, शिव शर्मा, अध्यक्ष कांग्रेस घरघोड़ा मण्डल, राजेश रावत प्रबंधक, जेपीएल तमनार विनोद अग्रवाल, पूर्व खिलाड़ी एवं विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों एवं प्रबुद्ध गणमान्य खेल प्रेमियों के गरीमामय विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा जशपुर, सरगुजा जिलों के नामी गिरामी 16 दिग्गज टीमें शिरकत कर रही हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शिशु सिन्हा ने अपने प्रतियोगिता के विभिन्न संघर्ष के पश्चात् आज इस पड़ाव पर पहुचने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस प्रतियोगिता को क्षेत्र व छत्तीसगढ़ राज्य का यह ड्यूज बाल से खेली जाने वाली सबसे प्रमुख प्रतियोगिता बताया। शिव शर्मा ने ऑल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा के प्रबंधन एवं जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित 36वां आयोजन को सराहनीय बताया और खिलाड़ियो से आग्रह किया कि वे बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर युवा खिलाड़ियों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करें। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी विनोद अग्रवाल ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि वे प्रतियोगिता में अपने खेल भावना का परिचय देते हुए इस भव्य आयोजन को सफ्ल बनावें। राजेश रावत ने जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार के द्वारा खेलों के विकास मे संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में बताया एवं संस्थान को खेलों के सर्वांगीण विकास के सदैव समर्पित बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कटरे ने आल स्टार क्रिकेट क्लब के शानदार प्रबंधन को अभूतपूर्व बताया एवं समिति की प्रशंसा करते हुए प्रतियोगिता के आयोजन को क्षेत्रवासियों एवं खिलाड़ियों के लिए वरदान बताया। अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में रमेश खेर ने कहा कि 'ओ.पी.जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा का आयोजन अपने आप में अद्वितीय है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की श्रेष्ठ 16 टीमें भाग लेती हों, वो प्रतियोगिता अपने सफ्लता की कहानी खुद बयाँ करती है। उन्होनें शानदार स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पिच खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने व क्षेत्र के नौनिहाल खिलाड़ियों को क्रिकेट का बेहेतरीन मंच प्रदान कराने के लिए ऑल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा एवं जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार के प्रयासों को प्रसंशनीय बताते हुए प्रतियोगिता के सफ्लता पूर्वक आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। श्री खेर ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों के आवश्यकता के अनुसार हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के अवसर पर आर.डी. कटरे, उपाध्यक्ष, जेपीएल तमनार एवं रमेश खेर महाप्रबंधक, एनटीपीसी को खेलों के सर्वांगीण विकास में भूमिका के लिए स्मृति चिंह प्रदान किया गया। वहीं विनोद अग्रवाल, सुखबीर कन्नौजिया, शिवी पाण्डेय एवं अभिषेक गुप्ता को खेलों के सर्वांगीण विकास में सराहनीय योगदान के लिए सॉल, श्रीफ्ल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके समर्पण को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में कोरबा ने गुरुकुल एकेडमी रायगढ़ को हराया

प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुकुल एकेडमी, रायगढ़ एवं एस.एस. कोरबा के मध्य खेला गया। टास जीतकर कोरबा ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और अपने जांबाज अत्रि के 40 बाल में 55 रन व अत्रि शर्मा के 25 बाल में 37 रन के सहयोग से निर्धारित 20 ओवरों में 07 विकेट के नुकसान में 157 रन बनाये। निर्धरित लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरूकुल रायगढ़ की कारबा की चुनौता का सामना नहीं कर सकी और निर्धारित 20 ओवरों में 06 विकेट खेकर 117 रन ही जुटा सकी। गुरूकुल एकेडमी रायगढ़ के लिए मोहसिन ने शानदार 43 रन बनाये। इस तरह कोरबा ने मैच को 40 रनों से जीत लिया। आज के मैच में अम्पायर की भूमिका में कमलेश शर्मा एवं महेन्द्र साव रहें। वहीं राजू पटेल एवं शुभम पैंकरा ने स्कोरर का कार्य बखुबी निभाया।

शुभारंभ अवसर पर ये रहे उपस्थित

शुभारंभ अवसर पर शिवी पाण्डेय, किशोर पटनायक, महेन्द्र साव, दीपक मित्तल, प्रेम अग्रवाल, विकास शर्मा, संजय सिकदर, विनोद एक्का, उमंगबोदलकर, उपेन्द्र सिंह, संतोष चौधरी, आसिफ शोभित, प्रिंस, अजहरूल, कमलेश शर्मा, राजेश यादव, राहुल उरांव, सक्षम चौबे एवं गणमान्य एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहें एवं खिलाड़ियों का हौसला अफ्जाई किया। इस दौरान शुभारंभ कार्यक्रम सफ्ल मंच संचालन जिला क्रिकेटसंघ-रायगढ़ के अध्यक्ष एवं ऑल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा के दिग्गज एवं वरिष्ठ खिलाड़ी संतोष पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति आल स्टार क्रिकेट क्लब के संतोष पाण्डेय, किशोर पटनायक, मनोज विश्वाल, महेन्द्रसाव ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि पूरे प्रतियोगिता के दौरान वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाडियों की उत्साहवर्धन करें।